परेशानी आवागमन में हो रही असुविधा को देखते हुए स्वयं के खर्च से वार्डवासियों द्वारा कराया जा रहा कार्य

नगर परिषद के जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते बह गयी पुलिया

शहडोल। नगर परिषद ब्योहारी के जिम्मेदार अधिकारियों की अनदेखी के चलते वार्ड क्रमांक 9 मे बनी पुलिया वारिस मे बह गयी जिससे हजारों लोगों का आवागमन बाधित हो गया है। पूर्व मे पुलिया क्षतिग्रस्त होने की जानकरी सीएमओ एवं उपयंत्री को दिये जाने के एक माह बाद भी कोई पुक्ता इंतजाम नही किये जाने के कारण पुलिया बहने का आरोप वार्ड वासियो द्वारा लगाया जा रहा है। सूचना के बाद भी पुलिया का मरम्मत न कराये जाने पर वार्ड वासियो ने सीएम हेल्पलाइन मे शिकायत दर्ज करायी गयी किन्तु पुलिया का मरम्मत नगर परिषद द्वारा न करा कर सीएम हेल्पलाइन को बंद कराने पर जोर दिया जा रहा था। लोगों का कहना है कि यदि शिकायत पर नगर परिषद के

अधिकारी संज्ञान ले कर पुलिया का मरम्मत कराते तो सायद पुलिया बहने की नौमत न आती। पुलिया बहने का पूर्ण रुप से नगर परिषद सीएमओ को दोसी ठहराया जा रहा है।

बिना निर्माण राशि आहरण करने का आरोप

पुलिया बहने के बाद वार्ड के नागरिकों द्वारा स्वयं के खर्चे से कार्य कराया जा रहा है। वार्ड क्रमांक 9 के पार्षद धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि नगर परिषद द्वारा पुलिया का कोई कार्य नहीं कराया गया किन्तु चर्चा है कि पुलिया मरम्मत के नाम पर नगर परिषद मे फर्जी बिल तैयार कर पीआईसी मे अनुमोदन कराते हुए राशि आहरण करने के फिराक मे है हकीकत क्या है ये वही जाने।

वार्डवासियों का जिम्मेदारों के गाल पर तमाचा

पुलिया बह जाने से आवागमन बाधित हो गया है। बच्चों को स्कूल जाने एवं अन्य कार्यों मे लोगों को हो रही दिक्कत को देखते हुए सभी वार्ड के रहवासियो ने मिलकर स्वयं के खर्चे से आवागमन को सुचारु बनाने का वीणा उठाकर अब कार्य कराया जा रहा है जिसे वार्ड पार्षद धर्मेंद्र सिंह द्वारा नगर परिषद के जिम्मेदारों के लिये बड़े ही शर्म की बात कहते हुए जिम्मेदारों के गाल पर तमाचा बताया है।

सीएमओ ने दी पार्षद को धमकी

चर्चा के दौरान पार्षद धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिया को लेकर वार्ड के नागरिकों ने सीएम हेल्पलाइन मे शिकायत दर्ज करायी है जिसे बंद कराने के लिये तरह - तरह के दबाव बनाये जा रहे है। सीएमओ ने बुला कर शिकायत बंद कराने का दबाव बनाते हुए कहा कि तुम्हारे खिलाफ एफ आई आर हो सकती है, पार्षदी भी जा सकती है कुछ भी हो सकता है उसके लिये आप स्वयं जिम्मेदार होंगे नहीं तो शिकायत को बंद करवाओ। जनहित के मुद्दों को लेकर नागरिकों द्वारा उठाई गयी आवाज को बंद कराने के लिये पार्षद पर सीएमओ द्वारा बनाया जा रहा दबाव कंहा तक उचित है यह चर्चा का विषय बना हुआ है।

अवैध रूप से विक्रय की जा रही 22 बोरी यूरिया एवं ऑटो जप्त

अधिक दामों में बेची जा रही थी यूरिया

शहडोल। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह के मार्गदर्शन एवं निर्देशानुसार शहडोल जिले में यूरिया एवं डीएपी के अवैध खाद विक्रय करने वालो के विरूद्ध मैदानी अधिकारियो द्वारा निरंतर कार्यवाही की जा रही है। खाद का अवैध विक्रय रोकने हेतु तहसील ब्यौहारी क्षेत्रांतर्गत अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री नरेंद्र सिंह धुर्वे के निर्देशानुसार नायब तहसीलदार सनी द्विवेदी एवं राजस्व टीम के द्वारा किसानो को वितरित किये जा रहे खाद गोदाम मैरटोला का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान किसानो ने अवगत कराया कि एक ऑटो में यूरिया खाद 700 रुपए प्रति बोरी के हिसाब से बेची जा रही है। जिस पर नायब तहसीलदार द्वारा एक किसान को यूरिया खरीदने हेतु भेजा गया, जिसमें प्रदीप पटेल के द्वारा एक बोरी यूरिया 650 रुपए में किसान रामनरेश कोल निवासी भक्ता जयसिंहनगर को विक्रय की गई थी। जिस पर अवैध विक्रय किए जाने के कारण ऑटो और 22 बोरी यूरिया जप्त कर ली गई है।

डॉ. सचिन के खिलाफ आजाद चौक में धरने पर बैठ गए थे कांग्रेसी

धनपुरी, नवभारत। अधिवक्ता जुल्फकार अली ने डॉ सचिन कारखुर की शिकायत शहडोल जिले के कलेक्टर एसपी सीएमएचओ एवं अधिवक्ता संघ बुढार के अध्यक्ष जयकांत मिश्रा से की थी। जुल्फकार अली ने डॉ सचिन कारखुर के खिलाफ आजाद चौक धनपुरी में धरना प्रदर्शन करने की जानकारी भी प्रशासन को दी थी गत दिवस सुबह 10 बजे अधिवक्ता जुल्फकार अली आजाद चौक धनपुरी में खुले आसमान के नीचे जमीन पर बैठकर सांकेतिक धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। न्याय की इस लड़ाई में उन्हें कांग्रेस का साथ मिला और कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता मुबारक मास्टर नौशेरमा खान ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजीव शर्मा मंडलम कांग्रेस धनपुरी के अध्यक्ष मोहम्मद साबिर अनिल जायसवाल ओंकार सिंह अजितेश प्रकाश रवि सिंह भी पहुंच गए। अधिवक्ता संघ बुढार के अध्यक्ष जयकांत मिश्रा भी अपने अधिवक्ता साथी की लड़ाई में शामिल होने के लिए अनेक अधिवक्ता साथियों के साथ आजाद चौक पहुंचे। प्रशासन की ओर से बीएमओ अमित कुमार चौधरी ने अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष जयकांत मिश्रा एवं कांग्रेस पार्टी के नेताओं की बात सुनी और फोन पर सीएमएचओ से बात कर सारी वास्तविक स्थिति की जानकारी दी। इस संबंध में जानकारी देते हुए अधिवक्ता जुल्फकार अली ने बताया कि हम सभी ने मांग की थी की डॉक्टर सचिन का यहां से ट्रांसफर कर दिया जाए बीएमओ ने शाम तक कार्यवाही हो जाने का आश्वासन दिया था लेकिन अब उनके द्वारा हमारा फोन नहीं उठाया जा रहा है। मंडलम कांग्रेस धनपुरी के अध्यक्ष मोहम्मद साबिर ने कहा कि इस मामले में यदि ठोस एवं निष्पक्ष कार्रवाई नहीं हुई तो त्योहार के बाद फिर विरोध किया जाएगा।

आखिरकार संपत शुक्ला की हुई जीत गोपाल नारायण सिंह का खेल खत्म

चंद्रेश मिश्रा

धनपुरी, नवभारत। श्रमिक संगठन इंटक में लंबे समय से संपत शुक्ला और गोपाल नारायण सिंह के बीच संगठन को लेकर अदालत में कानूनी लड़ाई लड़ी जा रही थी। संपत शुक्ला ने गोपाल नारायण सिंह के ऊपर संगठन के चंदे का दुरुपयोग करने सहित कई प्रकार के गंभीर आरोप लगाते हुए संगठन की प्राथमिक सदस्यता से निष्कासित कर दिया था तो दूसरी तरफ गोपाल नारायण सिंह ने भी बैठक लेकर संपत शुक्ला को संगठन की प्राथमिक सदस्यता से निष्कासित कर दिया था। बैक डोर से तख्तापलट करते हुए संपत शुक्ला को संगठन से बाहर करने का षड्यंत्र किस प्रकार से रचा गया यह सब देखकर संगठन के निष्ठावान कार्यकर्ता काफी दुखी हुए थे। यह सब काफी लंबे समय से चल रहा था गोपाल नारायण

सिंह का गुट रजिस्ट्रार छत्तीसगढ़ रायपुर के द्वारा 4 दिसंबर 2024 को अपने पक्ष में हुए आदेश का जमकर मजा उठा रहा था संगठन के चंदे का दुरुपयोग करने के जो आरोप संपत शुक्ला ने लगाए थे जो हिसाब-किताब पूछा था वह हिसाब-किताब पूछने वाला अब कोई नहीं था चंदे की रकम दुरुपयोग करने की खुली छूट के इस माहौल मे छुटभैये नेता भी महंगी गाड़ियों में घूम कर अपने शौक पूरे कर रहे थे। संपत शुक्ला का गुट अदालतों के चक्कर काट रहा था और गोपाल नारायण सिंह का गुट संगठन के चंदे के साथ-साथ कंपनी की सुख सुविधाओं का आनंद ले रहा था।

गोपाल नारायण सिंह का खेल खत्म

इंटक के केंद्रीय अध्यक्ष संपत शुक्ला ने नवभारत को जानकारी देते हुए बताया कि मेरे द्वारा छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट बिलासपुर में डब्लूपीएल- 63/2025 के माध्यम से श्रम आयुक्त छत्तीसगढ़ रायपुर के द्वारा अपने पत्र क्रमांक 7928 दिनांक 4 दिसंबर 2024 के तहत मेरे द्वारा जमा किए गए फॉर्म को निरस्त करते हुए गोपाल नारायण सिंह के द्वारा अलग से की गई कार्यवाही जिसमें संपत कुमार शुक्ला, रमेश चंद्र मिश्रा, अब्दुल कलाम अंसारी आदि लोगों को समस्त पदों के साथ प्राथमिक सदस्यता से निष्कासित किया गया था उसे आयुक्त छत्तीसगढ़ में स्वीकार करते हुए 4 दिसंबर 2024 को फार्म जारी कर दिया गया। इस प्रकरण को लेकर मैंने छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट बिलासपुर में अपील डब्लूपीएल- 63 -2025 प्रस्तुत की। इस अपील के संदर्भ में मेरी तरफ से वरिष्ठ अधिवक्ता अनूप मजूमदार के द्वारा पैरवी की गई गोपाल नारायण सिंह की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता डी आर शुक्ला, नीतिश गुप्ता एवं स्टेट की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता चंद्रेश श्रीवास्तव ने पैरवी की। संपत शुक्ला ने बताया कि माननीय न्यायाधीश राकेश मोहन पांडे ने मेरी अपील को स्वीकार करते हुए रजिस्ट्रार छत्तीसगढ़ रायपुर के द्वारा 4 दिसंबर 2024 को गोपाल नारायण सिंह के पक्ष में जो आदेश दिया था उसे निरस्त किया गया।

गोपाल नारायण सिंह के द्वारा की गई सारी नियुक्तियां अवैध

इंटक के केंद्रीय अध्यक्ष संपत शुक्ला ने बताया कि हमारे द्वारा पहले ही गोपाल नारायण सिंह को चंदे के हेर-फेर (लगभग 57 लाख) सहित संगठन विरोधी गतिविधियों के कारण प्राथमिक सदस्यता से निष्कासित कर दिया था हमारे निर्णय पर अब अदालत की मोहर भी लग गई है इसलिए गोपाल नारायण सिंह के द्वारा की गई सारी नियुक्तियां अपने आप अवैध मानी जाएगी। अदालत के इस फैसले का सोहागपुर क्षेत्र इंटक पर क्या असर पड़ेगा क्योंकि केंद्रीय अध्यक्ष संपत शुक्ला के दिए बयान के अनुसार कमलेश शर्मा और अमरजीत सिंह की नियुक्ति भी अवैध घोषित हो जाएगी सोहागपुर क्षेत्र में इंटक का अगला अध्यक्ष महामंत्री कौन होगा इसे लेकर चर्चाओं का दौर एक बार फिर शुरू हो जाएगा। नवभारत के आगामी अंक में पढ़िए चंद्रेश मिश्रा की कलम से सोहागपुर इंटक में परिवर्तन का नया दौर किस प्रकार शुरू होने वाला है। अध्यक्ष महामंत्री के दावेदार संपत शुक्ला गुट से होंगे और गोपाल नारायण सिंह गुट के लोग पद से निष्कासित किए जाएंगे।

पीएसवाई प्रतिभा सम्मान योजना के तहत संभाग के 49 विद्यार्थी चयनित

चयनित विद्यार्थियों को जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने किया सम्मानित

शहडोल। कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में पीएसवाई प्रतिभा सम्मान योजना के तहत चयनित विद्यार्थियो को विधायक मनीषा सिंह, कमिश्नर शहडोल संभाग सुरभि गुप्ता एवं कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने गोल्ड, सिल्वर, ब्रॉन्ज मेडल प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक स्वरूप चेक प्रदान कर सम्मानित किया। पीएसवाई प्रतिभा सम्मान योजना के तहत शहडोल संभाग के 32 विद्यालयो

के 49 विद्यार्थियो का चयन किया गया है। प्रतिभा सम्मान योजना का संचालन केंद्र सरकार द्वारा किया जाता है। योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए कक्षा 5 से कक्षा 12 वीं तक के विद्यार्थियो से ऑनलाइन आवेदन भरवाए गए थे। जिसकी ऑनलाइन परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा में 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियो को गोल्ड मेडल, 60 प्रतिशत से 70 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियो को सिल्वर मेडल तथा 60 प्रतिशत से कम अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियो को ब्रांस मेडल एवं राशि प्रदाय की जाती है। प्रतिभा सम्मान योजना में भाग लेने वाली स्कूलो को उनके स्कूल से चयनित विद्यार्थियो के आधार पर गोल्ड, सिल्वर एवं ब्रांस मेडल प्रदाय किये जाते है।

कार्यक्रम में महर्षि विद्या मंदिर शहडोल, टाइम्स पब्लिक शहडोल, मॉडल स्कूल अनूपपुर, महर्षि एंग्लो वैदिक स्कूल राजेंद्रग्राम अनूपपुर सरस्वती शिशु मंदिर बिजुरी, नवज्योति मिशन बिजुरी, भारत ज्योति स्कूल अनूपपुर एवं केंद्रीय विद्यालय शहडोल को उत्कृष्टता अवॉर्ड्स से सम्मानित किया गया। विद्यार्थियो को गोल्ड, सिल्वर, ब्रॉन्ज मेडल प्रशास्ति पत्र एवं 1 विद्यार्थी को 25000 तथा 10 विद्यार्थियो को 1200-1200 रूपये का चेक प्रदान किया गया। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सौम्या आनंद, समाजसेवी संतोष लोहानी सहित शहडोल संभाग के विद्यालयो के प्राचार्य, शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहें।

शिक्षक हमारे जीवन के सच्चे मार्गदर्शक

शहडोल। भारत में शिक्षक दिवस हर साल 5 सितम्बर को मनाया जाता है। यह दिन हमारे पूर्व राष्ट्रपति, शिक्षाविद, दार्शनिक, महान शिक्षक और भारत रत्न डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी के जन्मदिवस पर मनाया जाता है। डॉ. राधाकृष्णन का जीवन विद्यार्थियों और शिक्षा के लिए समर्पित था। शिक्षक हमारे जीवन के सच्चे मार्गदर्शक हैं, हर व्यक्ति के जीवन में गुरू होते है। ये गुरू शिक्षक ही होते है। शिक्षक ही वह मार्गदर्शक हैं जो हमें अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाते हैं। शिक्षक न केवल किताबी ज्ञान से अवगत कराते हैं बल्कि अच्छे संस्कार एवं जीवन मूल्यों को भी समझाते हैं और बुलंदियो के लिए मार्ग प्रशस्त करते हैं। शिक्षक समाज का वह आधार स्तंभ होते हैं जो ज्ञान का संचार करते हैं। आज के युग में जब प्रतिस्पर्धा और तकनीकी ज्ञान तेजी से बढ़ रहा है, तब भी शिक्षक की भूमिका अपरिवर्तनीय है।

इन्होंने कहा ...

संभागीय मुख्यालय शहडोल के शासकीय लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर

माध्यमिक विद्यालय में पदस्थ लालजी तिवारी विद्यार्थियों को बड़ी सरलता और सहजता के साथ गणित विषय की शिक्षा देते है। श्री तिवारी को वर्ष 2013 में देश के तत्कालिक राष्ट्रपति स्व. प्रणव मुखर्जी जी द्वारा राष्ट्रपति पुरूस्कार से सम्मानित भी किया जा चुका है।

लालजी तिवारी, शिक्षक

शासकीय रघुराज क्रंमाक 1 उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शहडोल में पदस्थ संगीता चतुर्वेदी ने शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षक शब्द का अर्थ है शिखर

तक ले जाने वाला, क्षमा करने वाला और कमजोरियों को दूर करने वाला। शिक्षक चेतना जागृत करता है।

संगीता चतुर्वेदी, शिक्षक

पं. शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय में पदस्थ प्रोफेसर मनीषा शुक्ला ने कहा कि शिक्षक हमारे जीवन के सच्चे मार्गदर्शक हैं, जो न सिर्फ शिक्षा देते हैं बल्कि अच्छे संस्कार और जीवन मूल्यों को भी समझाते हैं। शिक्षकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।



मनीषा शुक्ला, सहा.प्राध्यापक

मैक्रो एवं माइक्रो पोषक तत्वों की छात्राओं की दी गई जानकारी

राष्ट्रीय पोषण सप्ताह पर आयोजित हुआ कार्यक्रम

शहडोल। शासकीय इंदिरा गांधी गृह विज्ञान कन्या महाविद्यालय शहडोल में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा प्राचार्य एवं संरक्षक डॉ मुकेश कुमार तिवारी के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय पोषण सप्ताह (1 से 7 सितंबर) आयोजन किया जा रहा है।राष्ट्रीय पोषण सप्ताह के अंतर्गत आज दिनांक 04 सितम्बर 2025 को महिला एवं बाल विकास विभाग से सतवंत कौर, परियोजना अधिकारी के द्वारा जीवन में संतुलित आहार की आवश्यकता के बारे में छात्राओं को विस्तृत जानकारी दी, साथ ही मैक्रो और माइक्रो पोषक तत्व, बीएमआई, स्वास्थ्य एवं पोषण के बारे अवगत कराया।डॉ योगेंद्र कुमार पासवान, एड्स प्रोग्राम नोडल अधिकारी, जिला चिकित्सालय, शहडोल के द्वारा क्षय रोग के कारण एवं बचाव के बारे में अपने विचार साझा किए। संजीता भगत, सहायक संचालक, महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा लैंगिक अपराधों से बालिकाओं का संरक्षण अधिनियम, लिंग भेदभाव, विभिन्न हेल्पलाइनों के बारे में जानकारी दी गई। प्रो. एस. कुजूर के द्वारा स्वस्थ रहने के लिए घरेलू सुझाव देते हुए स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन का वास होता है एवं मौसमी चीजों का उपयोग करने के लिए छात्राओं को प्रेरित किया। जो स्वास्थ्य के लिए बहुत ही लाभदायक होते हैं।रवि कतिया, एड्स परामर्श दाता केंद्र जिला चिकित्सालय शहडोल के द्वारा एड्स बीमारी के कारण, लक्षण, एवं बचाव के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए छात्राओं से संवाद के माध्यम से उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया।कार्यक्रम का संचालन रा.से.यो कार्यक्रम अधिकारी डॉ यमुना धुर्वे द्वारा एवं आभार रा.से.यो डॉ. सरोज बाला श्याम के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डॉ. राजीव श्रीवास्तव, डॉ. कुमुद सांडया, डॉ. वीणा मेश्राम, डॉ. सुनीता सिंह मरकाम, प्रो. आरएस पासी, प्रो. हीरालाल पटेल, नरहरि मिश्रा एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

15 घंटे के अंतराल में एक ही युवक ने चोरी की दो मोटर साइकिलें

निवार चौकी क्षेत्र में हुई थी वारदात, पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

नवभारत, कटनी। माधवनगर थाने की निवार पुलिस चौकी क्षेत्र से दो मोटर साइकिल के चोरी होने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर चोरी की गई दो मोटर साइकिलों को बरामद कर लिया है।

पुलिस ने बताया कि तखला गांव निवासी मैहर शरण नाहर ने 1 अगस्त 2025 को निवार पुलिस चौकी में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि वह प्राइवेट मीटर रीडिंग का कार्य

करता है। 31 अगस्त की रात करीब साढ़े 9 बजे उसने अपनी बाइक पहाड़ी में जग्गी दुकान के पास खड़ी कर खरीदी कार्य करने के लिए चला गया। वापस लौटकर आने पर उसकी मोटर साइकिल वहां पर नही थी, मोटर साइकिल को किसी चोर ने चोरी कर लिया है। वहीं 1 अगस्त को ही निवार निवासी अंकुश विश्वकर्मा ने पुलिस चौकी में शिकायत दर्ज कराई की उसकी मोटर साइकिल को दोपहर 12 बजे उसकी मोटर साइकिल को देवरीसानी गांव से चोरी कर लिया गया है। पुलिस ने दोनों ही शिकायतों पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की। मामले की विवेचना के दौरान पुलिस ने संदेह के आधार पर पौनिया गांव निवासी मनोज यादव को पकड़ा गया। संदेही युवक ने पुलिस पूछताछ के दौरान चोरी की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया है। पुलिस ने आरोपी युवक की निशानदेही पर चोरी की गई मोटर साइकिलों को देवरीसानी रोड के किनारे झाड़ियों के पास से बरामद कर लिया है। कार्रवाई में चौकी प्रभारी एसआई नेहा मौर्य, एएसआई रमाकान्त दुबे, कमलेश्वर शुक्ला, प्रधान आरक्षक मनीष कुमार, देवेश कुमार, आरक्षक अरविन्द कुशवाहा, वकील यादव की भूमिका रही। पूरी कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, एएसपी डॉ संतोष डेहरिया, नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्चीसिया और माधवनगर थाना प्रभारी माधवनगर संजय दुबे के मार्ग दर्शन में की गई है।

योग पीएमऊषा सॉफ्ट कॉम्पोनेंट के अंतर्गत विवि में योग एवं आत्मरक्षा प्रशिक्षण का शुभारंभ

15 दिवसीय आत्मरक्षा एवं योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

शहडोल। पंडित शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आज प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान पीएमऊषा के सॉफ्ट कॉम्पोनेंट अंतर्गत योग एवं आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ। इस 15 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. रामशंकर द्वारा किया गया।

कुलगुरु प्रो. रामशंकर ने अपने उद्बोधन में कहा योग केवल शारीरिक अभ्यास नहीं बल्कि यह मानसिक संतुलन और आध्यात्मिक उन्नयन का माध्यम है। बीज मंत्रों का

उच्चारण शरीर और मस्तिष्क दोनों पर सकारात्मक प्रभाव डालता है। छात्र-छात्राएँ यदि योग और आत्मरक्षा दोनों का अभ्यास नियमित रूप से करें, तो वे न केवल स्वस्थ रहेंगे बल्कि आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी भी बनेंगे। उन्होंने छात्रों को बीज मंत्र के बौद्धिक एवं शारीरिक महत्व से अवगत कराते हुए इसका अभ्यास भी कराया।

शारीरिक शिक्षा एवं खेल विभागाध्यक्ष डॉ. आदर्श तिवारी ने कहा शारीरिक शिक्षा केवल खेल तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जीवन कौशल का आधार है। आत्मरक्षा प्रशिक्षण से छात्राएँ आत्मविश्वास के साथ जीवन जीना सीखेंगी और योगाभ्यास से उनका शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य सुदृढ़ होगा। हमारा प्रयास है कि विद्यार्थी खेल, शिक्षा और स्वास्थ्य के संतुलन के साथ समाज में उदाहरण प्रस्तुत करें। प्रशिक्षण शिविर में पहले बैच के लिए लगभग 100 छात्र-छात्राओं ने पंजीयन कराया है। आने वाले दिनों में यह प्रशिक्षण विभिन्न बैचों में संचालित किया जाएगा। इस अवसर पर रवि कुमार वर्मा (जिला समन्वयक, डॉ. रजनी गौतम (सहायक प्राध्यापक), एवं डॉ. प्रज्ञा यादव (सहायक अध्यापक) की विशेष उपस्थिति रही। सभी अतिथियों ने योग एवं आत्मरक्षा के महत्व पर अपने विचार रखे। आयोजन समिति से अंकित शुक्ला, आकांक्षा शुक्ला, सरमन सिंह एवं मेघा दुबे ने सक्रिय भूमिका निभाई। यह प्रशिक्षण शिविर न केवल छात्रों को शारीरिक रूप से सुदृढ़ बनाएगा, बल्कि उनमें आत्मरक्षा की क्षमता एवं अनुशासन की भावना भी विकसित करेगा।